संख्या -36 /2023/1369/तीस-3-2023-42 एम/2014

प्रेषक,

के0पी0 सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ :: दिनांक :: 25 मई, 2023

विषय उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में ''उच्च स्तरीय समिति'' के सचिवालय के रूप में परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के कार्यालय में ''सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ'' के गठन हेतु अस्थायी रूप से सृजित किये गये पदों की निरंतरता जारी किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-384 स0सु0/2023-44 स0सु0/2015-22, दिनांक 27 फरवरी, 2023 एवं पत्र संख्या-910 स0सु0/2023-44 स0सु0/2015-22, दिनांक 03 मई, 2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विशेष कार्याधिकारियों, लेखाकार/आउटसोर्सिंग द्वारा लिये गये पदों की निरन्तरता दिनांक 01.03.2023 से दिनांक 29.02.2024 तक बढ़ाये जाने की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में ''उच्च स्तरीय समिति'' के सचिवालय के रूप में परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के कार्यालय में ''सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ'' के गठन हेतु संलग्न सूची में उल्लिखित पदों की निरन्तरता शासनादेश संख्या-98/2022/437/ 30-3-2022-42 एम/2014, दिनांक 11 अगस्त, 2022 के अनुक्रम में दिनांक 01 मार्च, 2023 से दिनांक 29 फरवरी, 2024 तक, यदि यह पद बिना किसी पूर्व सूचना के इससे पूर्व ही समाप्त न कर दिये जायें, बढ़ाये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा कोष नियमावली-2014, नियम-9 के खण्ड-(ग) में दी गयी व्यवस्था के क्रम में उक्त नियमावली के नियम-4(3) में उल्लिखित ''लेखाशीर्ष-3055-सड़क परिवहन-800-अन्य व्यय-05 उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा कोष में व्यय-42-अन्य व्यय'' से वहन किया जायेगा।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय ,
ह0/-
(के0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक यथोक्त

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -:

1. महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी (प्रथम), उ0प्र0, प्रयागराज।
2. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. वित्त -अनुभाग (आयोग वेतन)1/2, उत्तर प्रदेश शासन।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9, उत्तर प्रदेश शासन।
5. निदेशक, अधिष्ठान पुनरीक्षण ब्यूरो, वित्त विभाग, उसचिवालय 0प्र0, लखनऊ।
6. गार्ड फाइल

आज्ञा से,
ह0/-
(मदन मोहन)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

पत्र संख्या - 36/2023/1369/तीस-3-2023-42 एम/2014, दिनांक 25 मई, 2023 का संलग्नक

क्र0 सं0	पदनाम	पदों की संख्या	भर्ती का स्रोत	वेतनमान	पदसृजन संबंधी शासनादेश संख्या एवं दिनांक	अंतिम बार बढ़ाई गई निरन्तरता संबंधी शासनादेश संख्या एवं दिनांक
1	2	3	4	5	6	7
1	विशेष कार्याधिकारी	03 (तीन)	सेवा स्थानान्तरण द्वारा	वेतन बैण्ड-3-15600-39100 ग्रेड वेतन 6600	19/187/30-3-15-/एम422014, दिनांक 27.02.2015	98/2022/437/30-3-2022-42 एम/2014, दिनांक 11 अगस्त, 2022
2	लेखाकार	01 (एक)	सेवा स्थानान्तरण द्वारा	वेतन बैण्ड-2-9300-34800 ग्रेड वेतन 4200	- तदैव -	- तदैव -
3	डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर	02 (दो)	आउटसोर्सिंग द्वारा	---	- तदैव -	- तदैव -
4	लिपिक	04 (चार)	आउटसोर्सिंग द्वारा	---	- तदैव -	- तदैव -
5	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	02 (दो)	आउटसोर्सिंग द्वारा	---	- तदैव -	- तदैव -
6	विशेष कार्याधिकारी	01 (एक)	सेवा स्थानान्तरण द्वारा	वेतन बैण्ड-3-15600-39100 ग्रेड वेतन 6600	109/2019/2019/30-3-19-/एम422014, दिनांक 22.08.2019	- तदैव -

ह0/-
(मदन मोहन)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।